संख्या-932/2017/4019/22-2-2017-24जी/2017

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 21 दिसम्बर, 2017***

विषय: भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी जी के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी आयु के बराबर कारागार में निरूद्ध 93 सिद्धदोष बन्दियों की रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अपर महानिरीक्षक (प्र0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र सं0-44152/प्रोबेशन-6/25दिसम्बर/2017, दिनांक 12.12.2017 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा प्रदेश के कारागारों में निरूद्ध ऐसे सिद्धदोष बन्दी, जो कि मा0 न्यायालय द्वारा दी गयी सजा भोग लिये हैं लेकिन अर्थदण्ड न जमा कर पाने के कारण अतिरिक्त सजा भोग रहे हैं, की कुल 135 सिद्धदोष बन्दियों की सूची उपलब्ध करायी गयी है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी जी के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी आयु के बराबर कारागार में निरूद्ध 93 सिद्धदोष बन्दियों की रिहाई के सम्बन्ध में उपलब्ध करायी गयी सूची के क्रमांक-1 से 93 तक अंकित कुल 93 सिद्धदोष बन्दियों की सूची संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सूची के कालम-10 पर अंकित अवशेष अर्थदण्ड की धनराशि किसी स्वयं सेवी संस्था/समाज सेवी संस्था /क्लब/ट्रस्ट के सहयोग से जमा कराकर यदि किसी अन्य मामले में निरूद्ध रखना वांछित न हो तो उनको कारागार से रिहा किये जाने के सम्बन्ध में निरूद्धि की कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक, कारागार को अपने स्तर से निदेशित करने का कष्ट करें। जुर्माना जमा कराये जाने से पूर्व स्वयं सेवी संस्था/समाज सेवी संस्था/क्लब/ट्रस्ट की वैधानिक पवित्रता की जांच कर ली जाय।

2- उक्त आदेशों के अनुपालन हेतु सभी औपचारिकताएं 24 दिसम्बर, 2017 के पूर्व ही पूर्ण कर ली जाय तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी जी के जन्मदिवस के अवसर पर रिहाई सुनिश्चित करने तथा कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

अरविन्द कुमार
प्रमुख सचिव

संख्या-932/2017/4019(1)/22-2-2017, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तर प्रदेश।

2- समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।

3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- समस्त वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक, आदर्श कारागार/केन्द्रीय/जिला कारागार, उत्तर प्रदेश।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव